पृष्ठ तीन का शेष

पंजाबमें...

ये हैंडलर आरोपियों को अवैध हथियारों की सप्लाई करवाते थे, जिन्हें आगे आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों तक पहुंचाया जाना था। पुलिस ने इस संबंध में थाना घरिंडा, थाना ब्यास, थाना मेहता, थाना लोपोके और थाना चाटीविंड में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस अब आरोपियों के नेटवर्क की आगे और पीछे की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

अब छह...

के अनुसार, इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मसौदा मतदाता सूची 30 नवम्बर को प्रकाशित की जायेगी। वहीं, अंतिम मतदाता सूची 21 जनवरी 2027 को जारी होगी। इस अभियान के तहत उन लोगों को भी पहले से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी, जो 2027 में 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर को मतदान के योग्य हो जायेंगे। चुनाव आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

दिल्ली : चावड़ी...

नईम को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर दुख जताते हुए ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

शिकायतोंका...

कि जांच केवल शिकायतों की संख्या पर निर्भर नहीं हो सकती। उपलब्ध सामग्री के आधार पर संबंधित अधिकारियों से जवाब लेकर तथ्यों की पड़ताल की जानी चाहिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकीलों को निर्देश दिया कि वे कथित पीड़ितों से जुड़ी शिकायतें, दस्तावेज, वीडियो और तस्वीरें कमेटी तक पहुंचाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल किए गए दस्तावेजों और कमेटी तक पहुंची सामग्री में अंतर है। इसे दूर किया जाना जरूरी है, ताकि जांच पूरी जानकारी के आधार पर हो सके।

मथुरा : हादसे...

हरवीर सिंह (45) और नाती अंकित (24) खेत में अपने पूर्वजों की समाधि का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान अलीगढ़ से वृंदावन जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई और तीनों को कुचलते हुए कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। अधिकारी ने बताया कि हादसे में जवाहर, हरवीर और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक अमन शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। राय ने बताया कि घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जबकि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

जौनपुरको...

सड़क, मड़ियाहूं रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज, लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक फोरलेन मार्ग और रामदयालगंज में सई नदी पर पुल निर्माण शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य चल रहे हैं। बेहतर सड़क, बिजली, पानी और संचार व्यवस्था से विकास के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश जल्द ही ऊर्जा निर्यातक राज्य बनेगा। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश चंद्र मिश्र, रमेश सिंह, डॉ. आरके पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यूपी : राहुलके खिलाफ...

को लेकर दिये गये उनके कथित बयान के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर नागेश्वर मिश्रा और अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। याचिकाकर्ताओं ने सिख समुदाय के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की थी। इससे पहले वाराणसी की ट्रायल कोर्ट ने भी इस संबंध में दाखिल अर्जी खारिज कर दी थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले को याचिकाकर्ताओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने याचिका खारिज करते हुए राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, राहुल गांधी ने सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर टिप्पणी की थी।

यूपी : राज्यकर्मियों...

मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600 - 1,51,100) या अपुनरीक्षित वेतनमान में ग्रेड पे 4800 रुपये तक है। यदि किसी कर्मचारी को एसीपी के तहत इससे उच्च वेतन लेवल मिल रहा है, तब भी वह बोनस का पात्र होगा। बोनस का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जिन्होंने 31 मार्च, 2026 को एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली थी।विभाग ने बोनस भुगतान के लिए नगद और बचत का एक मिलाजुला फॉर्मूला तय किया है। 75 फीसदी हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जमा किया जाएगा। 25 फीसदी हिस्सा तत्काल नकद भुगतान किया जाएगा।जो कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्य नहीं हैं, उन्हें यह राशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) या पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) के रूप में दी जाएगी।

भाजपाने...

चुनाव के बाद नियम बदल दिए। 4 डायरेक्टर ठूंसो, 12 को 16 बनाओ, बहुमत चुराओ। गोकुल दूध डेयरी में 19 अक्टूबर को 25 निदेशक पदों के लिए चुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस समर्थित पैनल को 13 और भाजपा नीत महायुति गठबंधन को 12 सीटें मिलीं थीं।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी महाराष्ट्र सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार निर्वाचित बोर्ड की संरचना बदलकर चुनावी नतीजे को प्रभावित करना चाहती है। खेड़ा के मुताबिक, चुनाव में जीत के बाद महायुति समर्थित निदेशक बैठक से अनुपस्थित रहे, जिसके कारण अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका। इसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने 10 नवंबर को नए चुनाव कराने का निर्देश दिया था। खेड़ा ने कहा कि निर्वाचित बोर्ड को काम करने देने के बजाय सरकार चार सरकारी निदेशकों को वोटिंग अधिकार के साथ शामिल करना चाहती है।

यूपी अब...

का सम्मान नहीं था, क्योंकि वे जानते थे कि उन्हें कानून के दायरे में नहीं लाया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक निष्क्रियता और अराजकता के कारण उत्तर प्रदेश बीमारू राज्यों की श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सुधारों के परिणाम अब सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में जब भी कानून-व्यवस्था की चर्चा होती है तो उत्तर प्रदेश का भी उल्लेख किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में राज्य में दो लाख 30 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की गई है। योगी ने अपराधों की जांच में फॉरेंसिक साक्ष्यों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अदालत में सत्य की स्थापना तभी संभव है, जब जांच एजेंसियां विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत करें। उन्होंने महर्षि गौतम के प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द सहित प्रमाण के चार सिद्धांतों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2024 में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना अनिवार्य किया गया है, इसके लिए राज्य में 500 प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता के मुकाबले 600 से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा नए कानून लागू होने से पहले ही लखनऊ में राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान स्थापित किया गया था। हर जिले को दो फॉरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई हैं और जांच व्यवस्था मजबूत करने के लिए नई प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जा रही हैं। योगी ने नवनियुक्त अधिकारियों से पूरी ईमानदारी और सटीकता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि फॉरेंसिक साक्ष्य निर्धारित समयसीमा में जुटाए जाने चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय और दोषियों को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं और अगले छह महीनों में एक लाख नियुक्ति पत्र वितरित करने की योजना है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन का गोरखपुर की पावन नगरी में भव्य स्वागत

गोरखपुर, ५ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन



नवीन के बाबा गुरु गोरखनाथ की पावन नगरी में प्रथम आगमन पर मालवीय नगर मंडल के नेतृत्व में गौतम गुरुंग चौराहे पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के कुशल नेतृत्व मे संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य आदित्यनाथ का ढोल-नगाड़ों की थाप, पुष्पवर्षा एवं गगनभेदी नारों के साथ जोरदार अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड नंबर 25 के पार्षद रंजय सिंह जुगनू वार्ड नंबर 4 के पार्षद राजा यादव, मालवीय नगर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता बंधु-पद्माकर शुक्ला, विनय सिंह, अश्वनी सिंह, राजेश गुप्ता, शिव, सन्तोष अग्रहरि, धर्मेन्द्र पासवान, छट्ठू लाल गुप्ता, पराग जायसवाल, सम्राट राय, सत्य प्रकाश, अभिषेक शर्मा, सुधीर पासवान, सत्य प्रकाश कनौजियामोनू, शुक्ला-समेत मंडल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में जनता जनार्दन उपस्थित रही। सफल कार्यक्रम में सहभागिता के लिए मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह और भाजपा नेता विनय सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों को धन्यवाद अर्पित किया।

कांग्रेस-सपाको लोकतंत्र की नहीं, अपने परिवारों की चिंता-मुख्यमंत्री

गाजियाबाद (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दलों का अभियान लोकतंत्र बचाने का नहीं, बल्कि अपने परिवारों को बचाने का है और आरोप लगाया कि परिवारवादी राजनीति के कारण इन दलों में एक ही परिवार के लोग नेतृत्व करते हैं। प्रदेश के गाजियाबाद में भाजपा की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), निर्वाचन आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाती है। योगी ने कहा कि



अपनी हार की समीक्षा करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना उसकी आदत बन गयी है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उनकी तुलना ऐसे विद्यार्थी से की, जो परीक्षा में असफल होने पर अपनी गलतियां स्वीकार करने के बजाय नये-नये बहाने बनाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खोने के बावजूद आत्ममंथन करने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस शासनकाल के राष्ट्रमंडल, 2जी और कोयला घोटालों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और अराजकता से परेशान जनता ने 2014 में नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपी। सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की पिछली चार सरकारों में गुंडागर्दी, दंगे और कर्फ्यू उत्तर प्रदेश की पहचान बन गये थे। उन्होंने कोसीकलां, मुजफ्फरनगर, मथुरा, बरेली, संभल, मुरादाबाद, बुलंदशहर, मेरठ और सहारनपुर की घटनाओं का उल्ले किया।

निर्माणाधीन क्रासिंग पुल के पाया का छज्जा गिरा, मजदूर घायल

हाटा (कुशीनगर)। हाटा कोतवाली के सामने महाराणा प्रताप चौक के पास हाईवे पर एनएचएआई की ओर से निर्माणाधीन क्रासिंग पुल के पाया की छज्जा ढलाई के दौरान अचानक गिर गई। इसकी चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात रही कि घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बृहस्पतिवार दोपहर हाटा कोतवाली के सामने हाईवे पर क्रासिंग पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पुल के पाया पर छज्जा की ढलाई कराई जा रही थी। काम के दौरान अचानक छज्जे का एक हिस्सा गिर पड़ा। इसकी चपेट में आने से वहां काम कर रहा एक मजदूर घायल हो गया। घटना होते ही मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वहां उपस्थित लोगों द्वारा आनन-फानन में घायल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हाटा पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया और हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया।

सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र– सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने केन्द्रीय मंत्री राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखकर फ्लाईओवर निर्माण करा रही एजेंसी मेसर्स पी.के.टी.के द्वारा की जा रही घोर अनियमितता, लाप. रवाही तथा भ्रष्टाचार की जांच कराकर सम्बन्धित फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग किया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8574/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 303-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में निर्माणाधीन अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पहुँच मार्ग हेतु 04 लेन मार्ग का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 1.865 किमी0)। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	4450.00	50.00	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714	14 माह	ए

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 12.11.2026 से 20.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 20.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 20.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 20.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260356/दिनांक 04-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-1779/निविदा सूचना गो.क्षे.)/वि..यॉ.वृ./2026-27 दिनांक 31-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वि0/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदायें https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनाक 07.11.2026 से दिनाक 23.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 23.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

क0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) (जीएसटी0 छोड़कर)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जीएसटी0 सहित (रू0)	अधिशासी अभियन्ता का खण्ड	निविदा हेतु पात्रता
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जनपद बस्ती में 10 अदद टाइप-2 के आवासों में विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत संकाय की आपूर्ति स्थापना, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य।	18.09	1.81	06 माह	854	वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, बस्ती	लो0नि0वि0 में विद्युत कार्य हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जिनको सामान कार्य का अनुभव हो।

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22), दिनाक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के उपरान्त निविदा दाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदा दाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न कियेजाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एन.एस.एस. शिरोमणि)
अधिशासी अभियंता
वि./यॉ. खण्ड, लो.नि.वि.
बस्ती

(डी.के. वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260396/दिनांक 04-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8593/33 काम-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 31-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के **"ए, बी, सी, व डी"** श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा पपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
		विधान सभा क्षेत्र पनियरा के अन्तर्गत मार्गों क विशेष मरम्मत का कार्य।					
1	महराजगंज	देवीपुर अकटहवा पनियरा मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग में सी0सी0 सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	57.80	4.89	(स्टेशनरी चार्जेज+निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	2 माह	A,B,C
2	महराजगंज	धर्मपुर देवरवां पनियरा मार्ग (अ0जि0मा0) के आबादी भाग मे सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	34.00	3.40	(स्टेशनरी चार्जेज+निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह	A,B, C,D
		विधान सभा क्षेत्र नौतनवा के अन्तर्गत मार्गों क विशेष मरम्मत का कार्य।					
3	महराजगंज	पड़ियाताल डगरूपुर सीहाभार शीशगढ़ कवरहिया मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0-13 के आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग तथा किमी0-3 में झरही नाले के किनारे रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य।	148.90	9.45	(स्टेशनरी चार्जेज+निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	4 माह	A,B
4	महराजगंज	सी0सी0एन0टी0एन0 मार्ग से विशुनपुर लगरहवा गनेशपुर बेलहिया बरगदवां मार्ग के किमी0-10 एवं 12 के आबादी भाग में सी0सी0 मार्ग तथा किमी0-2 में रिटेनिंगवाल का निर्माण कार्य।	48.60	4.43	(स्टेशनरी चार्जेज+निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	2 माह	A,B,C
5	महराजगंज	कप्तानगंज-सिसवां-निचलौल-ठूठीबारी-नौतनवां मार्ग (प्र0जि0मा0) के किमी0 65, 70 व 75 में पुराने क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर आर0सी0सी0 पुलिया (बाक्स कलवर्ट) का निर्माण कार्य।	131.10	8.56	(स्टेशनरी चार्जेज+निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	4 माह	A,B,

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 10.11.2026 से 20.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 20.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 20.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260325/दिनांक 04-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-1771/निविदा सूचना(ब.क्षे.)-गो.वृत्त-ई.एम.//2026-27 दिनांक 31-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वि0/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदायें https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 07.11.2026 से दिनांक 25.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

क्र0सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) (जीएसटी0 छोड़कर)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जीएसटी0 सहित	अधिशासी अभियन्ता का खण्ड	निविदा हेतु पात्रता
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	जनपद बस्ती में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉफ की स्थापना का कार्य।						
	(A)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन बस्ती/वीडियो कान्फ्रेंसिंग हाल) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।	37.10 + जीएसटी0 एक्स्ट्रा	3.71	3 माह	854.00	वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, बस्ती	लो0नि0वि0 में विद्युत कार्य हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जिनको सामान कार्य का अनुभव हो।
	(B)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (कार्यालय मुख्य अभियन्ता, बस्ती क्षेत्र, बस्ती) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(C)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बस्ती वृत्त) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(D)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (कार्यालय निर्माण खण्ड-1 बस्ती) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(E)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (रूधौली डाकबंगला) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(F)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (सोनहा डाकबंगला) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(G)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (कार्यालय प्रान्तीय खण्ड बस्ती) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(H)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन, विक्रमजोत) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						
	(I)- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन, हरैया) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।						

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22), दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एव वित्तीय बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न कियेजाने की दशा में शासनादेश म निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एन.एस.एस. शिरोमणि)
अधिशासी अभियंता
वि./यॉ. खण्ड, लो.नि.वि.
बस्ती

(डी.के. वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260335/दिनांक 04-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3 खण्ड, लो.नि.वि.,गोरखपुर

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

पत्रांक-3904/1ए (निविदा) दिनांक 31-10-2026

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर में श्रेणी-"ए, बी, सी व डी" में मार्ग कार्य हेतु पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7
		वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनु0-58 लेखा शीर्षक 3054 सामान्य अनुक्षण (निवर्तन) योजना के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो के विशेष मरम्मत का कार्य।				
1	गोरखपुर	रईकाबेल सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	15.98	1.60	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
2	गोरखपुर	राजाबारी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	10.66	1.07	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
3	गोरखपुर	खड़खड़िया मरहरी संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	24.73	2.48	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
4	गोरखपुर	भरवलिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.57	2.16	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
5	गोरखपुर	चौमुखा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	16.05	1.61	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
6	गोरखपुर	बी०एम०सी०टी० मार्ग से वंशी जायसवाल के मकान से शुक्त टोला बनभागलपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष	10.73	1.08	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
7	गोरखपुर	टेडवा इन्दरपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	18.88	1.89	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
8	गोरखपुर	रावतगंज से बजही सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	26.64	2.67	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
9	गोरखपुर	कुसमी पिपराईच मार्ग के किमी 0-1 से इमलिया उर्फ बिजहरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.53	1.76	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
10	गोरखपुर	सिधावल हरखापुर से महुवरिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.81	2.59	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
11	गोरखपुर	बेला सोनबरसा से नधुआ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.78	1.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
12	गोरखपुर	गोरखपुर फर्टिलाइजर में जी०एम० बंगला से आफिसर क्लब एण्डी०एम० बिल्डिंग से खेल मैदान तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.97	2.30	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
13	गोरखपुर	जीतपुर सखहआ से रामपुर गोपालपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.54	2.76	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
14	गोरखपुर	चौरी चौराहा से चिलबिलवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	12.78	1.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
15	गोरखपुर	चिलबिलवा पासी टोला से चौरसिया टोला सम्पर्क सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	28.21	2.83	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
16	गोरखपुर	गोरखपुर पिपराईच मार्ग के किमी-7 से धुसिया सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	10.52	1.06	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
17	गोरखपुर	पकड़ी टोला में नुनु दुबे के घर से विरेन्द्र मिश्रा के घर से सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	9.22	0.93	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
18	गोरखपुर	उमरपुर मिर्जापुर फतेहपुर मेडिकल कालेज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	11.27	1.13	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
19	गोरखपुर	सरैया बासस्थान से करमहा नरायणपुर दौलतपुर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	22.75	2.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 12-11-2026 से 20-11-2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक से 20-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक से 20-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 20-11-2026 को 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.,
गोरखपुर

उ.प्र. 260233/दिनांक 03-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in